**प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान/INSTITUTE FOR PLASMA RESEARCH**
**भाट, गाँधीनगर/Bhat, Gandhinagar-382428**

........................................................................................................................................................

प्लाअसं/हिन्दीपखवाड़ा/2018/1 दिनांक : 13 अगस्त, 2018

**सूचना/Notice**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति, आईपीआर द्वारा इस वर्ष 31 अगस्त से 14 सितम्बर, 2018 तक हिन्दी पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विस्तृत कार्यक्रम इस प्रकार है।

| क्रम. सं. | प्रतियोगिता/Competition | स्थान Venue | दिनांक व समय Date & Timing |
|---|---|---|---|
| 1. | सुलेखन(Hand writing) | IPR, ITER-India, FCIPT | 31/08/2018(2:30-3:30PM) |
| 2. | हिंदी टाइपिंग | IPR | 04/09/2018(2:30-3:30PM) |
| 3. | नारा लेखन * | IPR, ITER-India, FCIPT | 05/09/2018(2:30-3:00 PM) |
| 4. | निबंध लेखन * | IPR, ITER-India, FCIPT | 05/09/2018(3:00-4:00PM) |
| 5. | हिन्दी कार्यशाला | IPR | 06/09/2018(2:30-4:30PM) |
| 6. | वैज्ञानिकी/तकनीकी एवं प्रशासनिक लेख * | IPR, ITER-India, FCIPT | 06/09/2018 तक हिन्दी अनुभाग में अवश्य जमा किया जाए। |
| 7. | हिन्दी पोस्टर | IPR, ITER-India, FCIPT | 06/09/2018 तक हिन्दी अनुभाग में अवश्य जमा किया जाए। |
| 8. | 'चित्र देखो कहानी लिखो' * | IPR, ITER-India, FCIPT | 07/09/2018(10:30-11:30 AM) |
| 9. | टिप्पणी एवं अनुवाद * | IPR, ITER-India, FCIPT | 10/09/2018(2:30-3:30PM) |
| 10. | कहानी वाचन प्रतियोगिता * | IPR | 11/09/2018(2:30-3:30PM) |
| 11. | वाद-विवाद * | IPR | 12/09/2018(2:30-3:30PM) |
| 12. | चाय पर चर्चा | IPR | 12/09/2018(2:30-4:00PM) |
| 13. | तात्कालिक भाषण * | IPR | 14/09/2018 (2-3PM) |
| 14. | कविता पाठ (स्वरचित) * | IPR | 14/09/2018 (3-4PM) |

**कृपया नोट करें:**

- *चिन्हित प्रतियोगिताएँ(कुल 9 प्रतियोगिताएँ) क, ख एवं ग क्षेत्रीय भाषा के प्रतियोगियों के बीच अलग-अलग आयोजित कराई जाएंगी। अन्य सभी प्रतियोगिताएँ सभी के लिए सामान्य रूप से आयोजित की जाएगी।

क, ख एवं ग क्षेत्र का वर्गीकरण:

क  क्षेत्र : बिहार , हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, झारखंड, उत्तरांचल, दिल्ली और अंडमान निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र

ख  क्षेत्र : गुजरात , महाराष्ट्र ,पंजाब तथा चंडीगढ संघ राज्य क्षेत्र

ग  क्षेत्र : 'क' एवं 'ख' क्षेत्र में सम्मिलित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र से अतिरिक्त सभी राज्य और संघ राज्य क्षेत्र

- निबंध लेखन, नारा लेखन, चित्र देखो कहानी लिखो, सुलेखन, अनुवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन आईपीआर, इटर-भारत और एफसीआईपीटी(एफसीआईपीटी एवं विधाता के स्टाफ सदस्य दोनों के लिए) तीनों स्थानों पर एक ही समय में किया जाएगा।

1. प्रतियोगता सं.1- सुलेखन (Hand writing) : हिन्दी में एक पैरा दिया जाएगा जिसे देखकर सुंदर लिखावट में लिखना है।
2. प्रतियोगता सं.2 - हिंदी टाइपिंग के लिए 10 मिनट में टाइप करने हेतु एक पैरा दिया जाएगा।
3. प्रतियोगता सं.3 - नारा लेखन का विषय प्रतियोगिता के समय बताया जायेगा।
4. प्रतियोगता सं.4 - निबंध लेखन : निम्न में से किसी एक विषय पर सेमिनार कक्ष में उपस्थित होकर हिन्दी निबंध लिखना है (कम से कम 400 शब्दों में)।

   a) भारत को अपने पड़ोसी देशों से सुरक्षा के लिए कौन से प्रभावी उपाय अपनाने चाहिए?

   b) सरकारी कार्य में राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक कदम

   c) आरक्षण के मुद्दे पर बढ़ती राजनीति का युवा पीढ़ी की मानसिकता पर असर

   d) संस्थान में विकसित तकनीकियों को समाज तक पहुंचाने के लिए क्या आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं?

5. हिन्दी कार्यशाला: कार्यशाला के अंतर्गत प्रतिभागियों को कंप्यूटर पर हिन्दी का प्रयोग, हिंदी भाषा संबंधित व्याकरण, कार्यालयीन हिंदी आदि की जानकारी प्रदान की जाएगी और उसके बाद व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।।
6. प्रतियोगता सं.6 - वैज्ञानिकी/तकनीकी एवं प्रशासनिक लेख: हमारे संस्थान से संबंधित किसी भी वैज्ञानिक/तकनीकी अथवा प्रशासनिक विषय पर कम से कम 500 शब्दों में लेख लिखकर 06 सितम्बर तक या उससे पहले हिन्दी अनुभाग (Admin.Annexe दूरभाष 2321) में जमा करना है।
7. प्रतियोगता सं.7 - हिन्दी पोस्टर संस्थान की वैज्ञानिक/तकनीकी या प्रशासनिक गतिविधि पर आधारित होना चाहिए (Poster Size-A2)। पोस्टर 06 सितम्बर तक या उससे पहले हिन्दी अनुभाग (Admin.Annexe दूरभाष 2321) में जमा करना है।
8. प्रतियोगता सं.8 - 'चित्र देखो, कहानी लिखो' प्रतियोगिता में प्रतियोगिता के समय चित्र दिया जाएगा जिसके आधार पर 300 शब्दों में कहानी लिखनी है। (समय: 45 मिनट)
9. प्रतियोगता सं.9 - हिंदी टिप्पण, आलेखन एवं अनुवाद : कार्यालयीन टिप्पणी, पत्र एवं हिन्दी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने हेतु एक पैरा दिया जाएगा।
10. प्रतियोगता सं.10 - कहानी वाचन प्रतियोगिता: इस प्रतियोगता में प्रतिभागियों को किसी और की लिखी हुई कहानी हाव-भाव के साथ पढ़नी है। कहानी पढ़ने के लिए 3 मिनट का समय दिया जाएगा। हिंदी कहानी का चयन करने के लिए पुस्तकालय अनुभाग द्वारा प्रतिभागियों को कहानी की पुस्तक उपलब्ध कराई जाएगी।
11. प्रतियोगता सं.11- हिन्दी में चाय पर चर्चा: भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नीचे दिये गये विषय पर आपस में सामूहिक चर्चा हिन्दी में करनी है।

‘ITER में अपनी भागीदारी का, भारत किस तरह से अधिक से अधिक फायदा उठा सकता है?’

12. प्रतियोगता सं.12- वाद-विवाद: निम्न विषय के पक्ष या विपक्ष में बोलने के लिए 3 से 4 मिनट का समय दिया जाएगा।

विषय: विश्व के विकसित देशों की तुलना में भारत में उच्च शिक्षा का स्तर संतोषजनक है या नहीं?

13. प्रतियोगता सं.13- तात्कालिक भाषण - 3 से 4 मिनट का समय। विषय उसी समय दिया जाएगा।
14. प्रतियोगता सं.14- कविता पाठ: कविता किसी भी विषय पर स्वरचित होनी चाहिए (समय 3 मिनट)।

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आप संलग्न प्रोफोर्मा भरकर 31 अगस्त, 2018 तक या उससे पहले hindi@ipr.res.in पर मेल कर सकते हैं। एफसीआईपीटी एवं विधाता के स्टाफ सदस्य हिंदी अनुभाग को ईमेल के साथ डॉ. सूर्यकांत गुप्ता(email: sgupta@ipr.res.in) को एवं इटर-भारत के स्टाफ सदस्य श्री कलीम खान (email: kaleem.khan@iter-india.org) को भी ईमेल की Copy भेजें।

विशेष नोट: यदि ‘ख’ एवं ‘ग’ क्षेत्र के प्रतिभागी, ‘क’ भाषा वर्ग के अंतर्गत भाग लेने के लिए इच्छुक हैं तो वे नामांकन भरते समय मातृभाषा के कॉलम में ‘क’ वर्ग के अंतर्गत भाग लेने के लिए इच्छुक’ का उल्लेख कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| नाम व पदनाम<br>Name & Designation | |
| आईपीआर/एफसीआईपीटी/इटर-भारत के स्टाफ<br>Staff of IPR/FCIPT/ITER-India | |
| वेतन ना.सं./ Pay Roll No. | |
| प्रतियोगिताओं के नाम<br>Name of the Competitions | |
| मातृभाषा/ Mother Tongue | |
| दूरभाष सं./Extn. No. | |
| ईमेल/email | |

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति (OLIC)